# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा गौ संरक्षण और पशुधन विकास को नई दिशा देने के लिए जल्द ही 'गौ सेवा नीति 2026' लागू किया जाएगा?**

**है?**

(A) हरियाणा

(B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान सरकार प्रदेश में गौ संरक्षण और पशुधन विकास को नई दिशा देने के लिए जल्द ही 'गौ सेवा नीति 2026' लागू करने जा रही है.

मुख्यमंत्री Bhajanlal Sharma के नेतृत्व में तैयार की जा रही यह नीति गौ कल्याण को बढ़ावा देने के साथ किसानों और पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर केंद्रित होगी.

इस नीति के माध्यम से गोधन के संरक्षण के साथ पशुपालकों और किसानों को आर्थिक सहारा देने की योजना बनाई जा रही है.

**Yesterday Revision**

01. राजस्थान दिवस- 2026 • आयोजन - 19 मार्च 2026 (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा)• मुख्य समारोह का आयोजन - जालोर

02. राजस्थान कृषि उपज मण्डी प्रांगण भूमि अर्जन नीति – 2026 का अनुमोदन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया

03.राजस्थान में जेम्स - ज्वेलरी प्रदर्शनी - 2026 का आयोजन 15 - 16 मार्च, 2026 को किया जाएगा

04. राजस्थान में 36 करोड़ रुपये की लागत से जोधपुर, टोंक, शेरगढ़ और झुंझुनूं में एकीकृत सैनिक कल्याण कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जाएगा

05. महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से दिए जाने वाले वार्षिक पुरस्कार में वेदमूर्ति देवव्रत महेश रेखे को महर्षि हरित राशि अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) वेयरहाउस स्पेस के कुल व्यवसाय के मामले में भी जयपुर देश के प्रमुख टियर 2 शहरों में तीसरे नंबर पर पहुंच गया

(B) वेयरहाउस स्पेस व्यवसाय में ग्रोथ के लिहाज से नागपुर 200 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि के साथ अव्वल है।

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- देश में क्विक कॉमर्स के विस्तार के बीच जयपुर में साल 2025 के दौरान 13 लाख वर्ग फीट वेयरहाउस स्पेस किराये पर ली या खरीदी गई, जो 2024 के मुकाबले 24 फीसदी ज्यादा है।
- वेयरहाउस स्पेस के कुल व्यवसाय के मामले में भी जयपुर देश के प्रमुख टियर 2 शहरों में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। इसने नागपुर, इंदौर और लुधियाना जैसे शहरों को पीछे छोड़ दिया।
- हालांकि, वेयरहाउस स्पेस व्यवसाय में ग्रोथ के लिहाज से नागपुर 200 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि के साथ अव्वल है। दरअसल, देश-दुनिया के प्रमुख फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड जयपुर में अपने आउटलेट खोल रहे हैं।
- ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ने के मद्देनजर ऑनलाइन कंपनियां जयपुर में वेयरहाउस स्पेस लीज पर ले रही हैं, ताकि तेज डिलीवरी दी जा सके।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) झुंझुनूं जिले के खेतड़ी उपखंड के रामपुरा क्षेत्र में जमीन के नीचे दबी प्राचीन सभ्यता के अवशेष मिलने के संकेत मिले हैं.

(2) उत्खनन के दौरान पत्थरों के स्तंभ, दीवारों और अन्य स्थापत्य संरचनाओं के अवशेष मिले हैं

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- झुंझुनूं जिले के खेतड़ी उपखंड के रामपुरा क्षेत्र में जमीन के नीचे दबी प्राचीन सभ्यता के अवशेष मिलने के संकेत मिले हैं. प्रारंभिक जांच में यह सभ्यता 8वीं से 12वीं शताब्दी के बीच की मानी जा रही है.
- उत्खनन के दौरान पत्थरों के स्तंभ, दीवारों और अन्य स्थापत्य संरचनाओं के अवशेष सामने आने लगे हैं, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि यह क्षेत्र अपने समय का एक विकसित और सुनियोजित नगर रहा होगा.
- खुदाई के दौरान मिले अवशेषों के आधार पर इस प्राचीन सभ्यता के बारे में और महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं.

03. राजस्थानी कहानी संग्रह "काया री कळझळ" के लिए किसे राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार मिलेगा?

(A) माया शर्मा

(B) संतोष चौधरी

(C) आशा चौधरी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- संतोष चौधरी को राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार
- राजस्थानी कहानी संग्रह "काया री कळझळ" के लिए सम्मानित।
- राजरानी गोयल स्मृति राजस्थानी पोकरमल कथा साहित्य पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- यह पुरस्कार बीकानेर की मुक्ति संस्था द्वारा दिया जाता है।
- पुरस्कार समारोह : मई, बीकानेर में आयोजित होगा।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) अलवर ऐतिहासिक सिलीसेढ़ झील को प्रदेश की सबसे आदर्श आर्द्रभूमि (मॉडल वैटलैण्ड) के रूप में विकसित किया जाएगा

(2) सिलीसेढ़ झील को दिसम्बर 2025 में भारत की 91वीं रामसर साइट का दर्जा मिला था

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- अलवर ऐतिहासिक सिलीसेढ़ झील को प्रदेश की सबसे आदर्श आर्द्रभूमि (मॉडल वैटलैण्ड) के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।
- सिलिसेढ़ झील सरिस्का टाइगर रिजर्व के बफर क्षेत्र में स्थित एक महत्वपूर्ण रामसर साइट है। यह क्षेत्र की जल सुरक्षा, जैव विविधता और स्थानीय आजीविका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। झील में 149 पक्षी प्रजातियां, विभिन्न मछली प्रजातियां, स्तनधारी व सरीसृप पाए जाते हैं।
- राजस्थान के अलवर जिले में स्थित ऐतिहासिक सिलीसेढ़ झील को दिसंबर 2025 में आधिकारिक तौर पर भारत की 96वीं रामसर साइट (अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि) घोषित किया गया है। यह राजस्थान का 5वां रामसर स्थल है,

05. राजस्थान के कितने जिलों की सीमाओं को कवर करते हुए ₹40,000 करोड़ से अधिक की लागत से चार ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है. ?

(A) 09

(B) 11

(C) 17

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में 17 जिलों की सीमाओं को कवर करते हुए ₹40,000 करोड़ से अधिक की लागत से चार ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है.
- यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने संसद में
- देशभर में 35 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 10,196 किलोमीटर है. Rajasthan में चार ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण ₹40,520 करोड़ की लागत से किया जा रहा है, जिनकी कुल लंबाई 1,190 किलोमीटर है.

# Sujas QUIZ

जयपुर, बुधवार, 11 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-21

❶ **राज्य** सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में कितने रुपये के 'ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण' वितरण का प्रावधान किया है?

(A) 15 हजार करोड़ रुपये
(B) 20 हजार करोड़ रुपये
(C) 25 हजार करोड़ रुपये
(D) 30 हजार करोड़ रुपये

❷ **सहकारी** क्षेत्र की राज्य की पहली 'बाइक ऑन रेंट' सेवा किस शहर में शुरू की गई है?

(A) जयपुर (B) जोधपुर
(C) उदयपुर (D) कोटा

❸ **राजस्थान** सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के इंटीग्रेटेड पोर्टल के माध्यम से 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत वर्तमान में निवेशकों को कितनी सुविधाओं के लिए पेपरलेस क्लीयरेंस दिया जा रहा है?

(A) 80 (B) 100
(C) 150 (D) 180

❹ **राज्य** सरकार द्वारा पिछले 2 वर्षों में राज्य के निर्यात, एमएसएमई, हस्तशिल्प और हथकरघा आदि के समग्र विकास के लिए कुल कितनी नई नीतियां और योजनाएं लागू की गई हैं?

(A) 9 (B) 11
(C) 13 (D) 15

❺ **'राइजिंग** राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के दौरान हुए 35 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों में से अब तक कितने मूल्य के प्रोजेक्ट्स की 'ग्राउंड ब्रेकिंग' की जा चुकी है?

(A) 5 लाख करोड़ रुपये
(B) 8 लाख करोड़ रुपये
(C) 10 लाख करोड़ रुपये
(D) 15 लाख करोड़ रुपये

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान में जेम्स - ज्वेलरी प्रदर्शनी - 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(A) जयपुर

(B) अजमेर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine